दिनांक 15.01.2020 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में आयोजित विशेष सर्वेक्षण से संबंधित कार्यो की समीक्षात्मक बैठक के दौरान दिये गए निदेश :–

1. **नियोजन एवं प्रशिक्षण** – नियोजन एवं प्रशिक्षण के संबंध में निदेशित किया गया कि नियोजन एवं प्रशिक्षण से संबंधित सभी पदों के संबंध में Timeline Fix किया जाय और उसी के आधार पर कार्रवाई की जाय। प्रत्येक दशा में फरवरी के द्वितीय सप्ताह में प्रशिक्षण आरंभ किया जाय।

   अनुपालन :–सहायक निदेशक/श्री वीरेन्द्र कुमार, स0ब0प0/ श्रीमती अंजली, स0ब0प0 एवं अन्य संबंधित।

2. **सॉफ्टवेयर** :– सर्वे की प्रतिवेदन संबंधी साफ्टवेयर के संबंध में निदेशित किया गया कि प्रत्येक दशा में इसे 20.01.2020 तक सम्पन्न किया जाय। इसके लिए यदि आवश्यक हो तो शनिवार व रविवार को भी कार्यालय खोलकर संबंधित कर्मी द्वारा उक्त सॉफ्टवेयर का कार्य पूर्ण कर लिया जाय।

   अनुपालन :– सुश्री सुरभी सिंह/ श्री अभितोष कुमार, प्रोग्रामर/श्री आशीष रंजन, प्रोग्रामर एवं संबंधित कम्प्यूटर ऑपरेटर।

3. **स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेशन** :– स्कैनिंग एवं डिजिटाईजेशन के संबंध में निदेश दिया गया है कि BECIL द्वारा प्राप्त प्रस्ताव को अतिशीघ्र नामांकन के माध्यम से कार्यावंटन के संबंध में कैबिनेट में प्रस्तुत किये जाने का निदेश दिया गया।

   अनुपालन :– श्री विजय साम्राज्य, सहायक।

4. गंगा नदी के किनारे स्थित जिलों से संबंधित सीमा विवाद के लिए प्रत्येक प्रमंडल के लिए अलग से कमिटी गठन करते हुए उक्त का प्रस्ताव अविलम्ब उपस्थापित किया जाय।

5. मुंगेर जिला में ड्रोन द्वारा सर्वे कराने के संबंध में निदेश दिया गया कि उक्त से संबंधित संचिका खोज कर उसके माध्यम से आगे की कार्रवाई की जाय।

   अनुपालन :– श्री विजय साम्राज्य, सहायक।

6. अपर मुख्य सचिव द्वारा दिनांक 22.01.2020 को शेखपुरा में सर्वे से संबंधित कार्यो का निरीक्षण किया जाएगा। उक्त हेतु दिनांक 21.01.2020 को तकनीकी शाखा के संबंधित कर्मी एवं सहायक निदेशक शेखपुरा का भ्रमण करेंगे एवं दिनांक 20.01.2020 तक निरीक्षण के बिन्दु से संबंधित एक Inspection Note तैयार कर अपर मुख्य सचिव को उपलब्ध कराया जाय। उक्त से संबंधित पत्र एवं आवश्यक कार्रवाई अविलम्ब किया जाय।

   अनुपालन:–सहायक निदेशक/तकनीकी शाखा

7. आगामी बैठक में **"भू–सर्वेक्षण"** सर्वे सॉफ्टवेयर से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन भी उपस्थापि किया जाय।

अनुपालनः–श्री संजय कुमार, तकनीकी निदेशक जी0आई0एस एन0आई0सी0 / श्री चंदन कुमार, सलाहकार।

8. गया एवं पटना स्थिति राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान के संबंध में राशि की मांग हेतु मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के स्तर से सचिव, भूमि संसाधन विभाग, भारत सरकार को पत्र निर्गत किया जाय।

अनुपालनः–श्री राकेश कुमार, सहायक / श्री साम्राज्य, सहायक

9. ऑन लाईन नक्शों की बिक्री के संबंध में निदेश दिया गया कि सबसे कमजोर प्रदर्शन वाले चार कर्मियों के संबंध में आवश्यक दण्डात्मक कार्रवाई की जाय।

अनुपालनः–उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग / प्रशाखा पदाधिकारी व स्थापना, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय।

10. मिसिंग मैप के संबंध में निदेशित किया गया कि उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग नियमित रूप से इसकी समीक्षा एवं अनुश्रवण करें तथा जल्द से जल्द उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाय।

अनुपालनः–उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग।

(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक

ज्ञापांक :– 03 / गो0
प्रतिलिपिक :– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप / संबंधित पदाधिकारी / को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

निदेशक